# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

शिक्षा भवन दिग्धीकला हाजीपुर पिन 844102

ईमेल deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in


प्रेषक, पत्रांक ......1607......

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
देसरी, वैशाली।

दिनांक ..27../..07../2026

विषय:- विद्यालय परिसर में जलजमाव की समस्या की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में।

प्रसंग:- एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर दर्ज परिवाद पंजीकरण संख्या आर ई एफ 628465 दिनांक 22.07.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से श्री सन्नी कुमार द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई है। परिवाद में अंकित किया गया है कि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय उफरौल प्रखंड देसरी में वर्षा ऋतु के दौरान विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर विद्यालय परिसर एवं मैदान तक जलजमाव एवं अत्यधिक कीचड़ की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा पठन पाठन प्रभावित होता है।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के पश्चात अविलंब संबंधित विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मामले की विस्तृत जांच करें तथा जल निकासी एवं परिसर समतलीकरण के स्थायी समाधान हेतु अपना स्पष्ट जांच प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि अग्रतर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

27.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

अनुलग्नक यथोक्त।

ज्ञापांक ......1607........ / हाजीपुर, दिनांक ..27../..07../2026

प्रतिलिपि: श्री सन्नी कुमार को सूचनार्थ प्रेषित।

27.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

Scanned with OKEN Scanner